### जनस्वास्थ्य विभाग सात दिन में भी नहीं ढूंढ पाया मोटर का फाल्ट

# हिंडोल में जलघर के टैंक पानी से लबालब फिर भी लोग प्यासे

**ग्रामीण टैंकरों से पानी खरीदकर पीने को मजबूर**

एक टैंकर खरीदने के लिए चुकाने पड़ते है 500 से 600 रुपये

कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पानी का संकट बना हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हिंडोल गांव के जलघर के टैंक पानी से लबालब हैं, बावजूद इसके मोटर में फाल्ट होने के कारण एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति बंद है। हैरानी की बात है कि एक सप्ताह में जनस्वास्थ्य विभाग मोटर का फाल्ट ठीक नहीं कर पाया।

गांव में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। लोग टेंकरों से पानी खरीद रहे हैं। पूर्व सरपंच रामफल ने बताया कि नहर में पानी मिलने के बाद जलघर के दोनों टैंक भर दिए गए थे। मगर एक सप्ताह पूर्व जलघर की मोटर में फाल्ट आ गया, पहले तो जलघर में तैनात कर्मचारियों ने विभाग के अधिकारियों को सूचित नहीं किया। जब गांव में पेयजल संकट गहराया तो ग्रामीणों को मोटर में फाल्ट होने का पता चला। ग्रामीणों ने आपने स्तर पर विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह बाद भी विभाग मोटर का फाल्ट ठीक नहीं कर पाया है। गांव में पानी की किल्ल्त निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया की पीने के पानी का जुगाड़ तो किसी तरह कर लेते हैं, मगर घरेलू अन्य कार्यों के लिए पानी का प्रबंध नहीं हो पा रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि जलघर से पानी कि सप्लाई बंद होने के बाद टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। एक टैंकर के 500 से 600 रुपये देने पड़ते हैं। एक गरीब परिवार पानी के रुपये देने में सक्षम नहीं है। ग्रामीण मनोज परमार, अमरजीत, राजपाल इत्यादि ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग पानी सप्लाई के लिए गंभीर नहीं है। अगर विभाग गंभीर होता तो मोटर ठीक होने में एक सप्ताह नहीं लगता। कर्मचारियों की लापरहवाही के कारण पानी का संकट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर सोमवार तक पानी की सप्लाई नहीं मिली तो रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

#### जल्द रखी जाएगी मोटर

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता रोशन लाल ने बताया कि मोटर में फाल्ट के कारण पेयजल आपूर्ति हुई है। आज या कल तक मोटर रख दी जाएगी और बाद गांव में सप्लाई शुरू हो जाएगी। उसके बाद पानी की कोई किल्लत नहीं रहेगी।

## बढ़े हुए मिनिमम वेज का लाभ जल्द देने की मांग

■ ग्रामीण जलकर्मी संघ बोला-जल्द लाभ नहीं मिला तो किया जाएगा जिला स्तर पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

ग्रामीण जलकर्मी संघ हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री का मिनिमम वेज रिवाइज करने के फैसले पर धन्यवाद व्यक्त किया है। संगठन के राज्य कार्यकारिणी महासचिव मुनेश गोविंदपूरा इत्यादि संघ के नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार ने एक अप्रैल 2025 से बढ़े हुए मिनिमम वेज लागू करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक ग्रामीण जलकर्मियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

संघ के प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की कि बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का लाभ ग्रामीण जलकर्मियों को जल्द से जल्द दिया जाए ताकि कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि लंबे समय से ग्रामीण जलकर्मी कम वेतन में कार्य कर रहे हैं और सरकार द्वारा घोषित बढ़ा हुआ वेतन लागू न होने से कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। ग्रामीण जलकर्मी संघ हरियाणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं की गई तो मु यमंत्री एवं श्रम मंत्री के नाम प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे तथा उपायुक्तों के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके लिए सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**कनीना।** सदर थाना पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति कार में अवैध शराब लेकर भोजावास की ओर जा रहा है। जिस पर पुलिस ने नाकेबंदी शक के आधार पर गाड़ी को रुकवाकर तलाशी ली तो गाड़ी में चार पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। आरोपित की पहचान जगजीत सिंह उर्फ झब्बू वासी चेलावास के रूप में हुई।

## ९९.2 प्रतिशत अंक लेने वाली जयश्री को सेक्टरवासियों ने किया सम्मानित

■ यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर करूंगी देश की सेवा : जयश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** सेक्टर 23 में आयोजित कार्यक्रम में जयश्री को सम्मानित करते हुए।

मेहनत, दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन हो तो सफलता कदम चूमती है। इस बात को सच कर दिखाया है सेक्टर 23 (मूल निवासी भेरा तोशाम) की होनहार छात्रा जयश्री डाला ने। जयश्री ने पूरे हरियाणा में स्थित यूरो इंटरनेशनल स्कूल की सभी 12 शाखाओं में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है।

छात्रा की इस गौरवमयी सफलता पर उनके निवास स्थान पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ शिक्षा जगत और समाज से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने पहुँचकर बेटी की पीठ थपथपाई और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

जयश्री डाला ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी माता सुनीता, पिता सुखबीर डाला और अपने गुरुजनों को दिया। जयश्री ने अपने भविष्य के संकल्प को साझा करते हुए बेहद आत्मविश्वास के साथ कहा कि मेरा अंतिम लक्ष्य यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की परीक्षा पास कर देश की सेवा करना है। सभी ने बेटी को फूलों के हार पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य रूप से मास्टर पवन यादव (जेबीटी), मास्टर रूप कुमार, जे.ई. भरत सिंह, विनोद पिंकू (पीटीआई), मुकेश सांगवान (प्रवक्ता), रमेश सांगवान (डीपीई), पंकज मैनेजर तथा हर्ष सांगवान मौजूद रहे।

## टेलीग्राम पर पार्टटाइम जॉब का झांसा देकर 10 लाख से अधिक ठगने वाला आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



जालसाजों ने सुनियोजित तरीके से दस लाख चौंतीस हजार रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी की

साइबर क्राइम पुलिस ने टेलीग्राम व गूगल मैप्स रिव्यू के जरिए पार्टटाइम जॉब का झांसा देकर 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के मामले में एक आरोपित को राजस्थान से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान राजस्थान के झुंझुनूं जिले के गोठड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चैनगढ़ निवासी भरत सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपित को 16 मई को राजस्थान के गोठड़ा क्षेत्र से पकड़ा है। महेंद्रगढ़ के गांव डेरोली अहीर निवासी निखिल ने साइबर ठगी की शिकायत दी थी, जिससे जालसाजों ने सुनियोजित तरीके से 1034263 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से एक मोबाइल फोन व एक सिम कार्ड बरामद किया है। मामले में साइबर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच शुरू की। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किए गए टेलीग्राम खातों का रिकॉर्ड खंगाला, इसके साथ ही उन सभी बैंक खातों का रिकॉर्ड हासिल किया गया, जिनमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। मामले में कार्रवाई करते पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि चार सितंबर को शिकायतकर्ता निखिल को टेलीग्राम के एक कॉइन मैप ग्रुप में जोड़ा गया था। इसके बाद विभिन्न टेलीग्राम आईडी के जरिए उसे गूगल मैप पर रेस्टोरेंट को रिव्यू देने के बदले 3000 से 5000 रुपये प्रति प्रमोशन कमाने का लालच दिया गया। विश्वास जीतने के लिए जालसाजों ने शुरूआत में डेमो टास्क के नाम पर शिकायतकर्ता के खाते में 200 रुपये डाले।

इसके बाद अलग अलग टास्क पूरे करने, वीक्स नामक साइट पर रजिस्टर करने, अकाउंट को अनफ्रीज करने की फीस भरने और रेपुटेशन पॉइंट कम होने का हवाला देकर पॉइंट खरीदने के नाम पर कई बैंक खातों और यूपीआई आईडी में पैसे जमा कराने के लिए कहा गया।

## भगतसिंह बने सर्वसम्मति से जिला प्रधान

### प्राचार्य अनूप सिंह पूनिया को जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

स्थानीय माडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी में हरियाणा स्कूल शिक्षा ऑफिसर्स एसोसिएशन का जिला इकाई का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें रावमा विद्यालय लोहानी के प्राचार्य भगतसिंह कोठारी को सर्वसम्मति से जिला भिवानी का प्रधान चुना गया जबकि रावमावि बजीना के प्राचार्य अनूप सिंह पूनिया को जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी। एसोसिएशन के पूर्व महासचिव रविंद्र वैद्य ने प्रैस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि असोसिएशन के निवर्तमान ज़िला प्रधान राजसिंह घणघस ने वर्तमान में चल रही कार्यकारिणी को भंग कर दिया और नयी कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की जिसके तहत जिले के सैंकड़ों प्राचार्यों ने इस चुनावी बैठक में भाग लिया।

इनके अलावा खंड शिक्षा अधिकारी कैरू महेंद्र सिंह गिल व तोशाम के खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस चुनावी प्रक्रिया के लिए बतौर पर्यवेक्षक सत्यवान सिंह प्राचार्य फतेहाबाद मौजूद रहे। चुनावी प्रक्रिया के बाद सभी का धन्यवाद करते हुए जिला प्रधान व महासचिव ने संयुक्त बयान में कहा कि एसोशिएशन के तहत हम सभी अधिकारियों के हकों के लिए हर वक्त खड़े मिलेंगे और पूर्व जिला प्रधान सहित तमाम वरिष्ठ कनिष्ठ साथियों के सहयोग से एसोसिएशन को और मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।


**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में श्रीकांत शर्मा, राजेश अरोड़ा, दिलबाग सिंह बाजिया, राजेश अत्रि, प्रवीण शर्मा, मदन तंवर, सविता घणघस, अनीता नाथ, रीमा प्रमार, पुष्पा जोशी, शिव कुमार शास्त्री, डा. राजकुमार यादव, विरेंद्र बाहर, भुवनेश मुदगिल, पवन शास्त्री, सुनील जैन, कृष्ण कोठारी, सुखबीर पातवान, अमित शर्मा, राजेश कुमार, रणवीर काजल, महेश शर्मा, नवाब सिंह, सोमदत्त डीपीई सहित अनेक महिला व पुरुष प्राचार्य उपस्थित रहे।

### बेटियों के सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा सिखाने को लगेगा आर्य कैंप

**नारनौल।** बदलते माहौल में बेटियों के सशक्तिकरण, चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा के गुर सिखाने का बीड़ा आर्य समाज नांगल चौधरी ने उठाया है। इसके तहत नांगल चौधरी रोड स्थित गांव भोजावास के सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में "आर्या वीरांगना चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर" का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 31 मई से 6 जून तक आयोजित होगा। शिविर का आयोजन आर्य समाज नांगल चौधरी के सौजन्य से किया जा रहा है। आर्य समाज के नवनिर्वाचित जिला प्रधान एवं पूर्व सैनिक धर्मबीर यादव ने बताया कि यह आर्य समाज नांगल चौधरी का पांचवां वार्षिक शिविर है। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर, संस्कारित एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि वे हर परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों को इस प्रशिक्षण शिविर में अवश्य भेजें।

## हिंदी सुलेख में ग्यारहवीं से सिमरन और बारहवीं से आशा विजेता बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा प्रदान करना नहीं: चेयरमैन

बीआर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरही कलां में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं हिंदी भाषा के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं लगन के साथ भाग लेते हुए अपनी सुंदर लिखावट और अभिव्यक्ति कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए मेरा परिवार, कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए हमारा पर्यावरण तथा कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जीवन में मेरा लक्ष्य विषय निर्धारित किए गए।

#### कक्षा तीसरी से अपूर्वा बनीं विजेता

विद्यार्थियों ने दिए गए विषयों पर अत्यंत सुंदर, स्पष्ट एवं प्रभावशाली लेखन प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से अपूर्वा, चौथी से शेजल व खनक, पांचवी से स्नेहा, छठी से कुणाल, सातवीं से ऋतिक यादव, आठवीं से प्रिंस, कक्षा नौवीं से दीक्षित, कक्षा दसवीं से नुकूल, कक्षा ग्यारहवीं से सिमरन व बारहवीं से आशा विजेता प्रतिभागी रही। विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों को मजबूत बनाना भी है। हिंदी सुलेख प्रतियोगिता जैसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए।

### पंजीकरण रद्द किए जाने को लेकर नाराजगी, 11 महीनों से पोर्टल बंद

# निर्माण मजदूरों ने श्रम मंत्री का पुतला फूंक जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा



95 प्रतिशत मजदूरों को श्रम पोर्टल से कर दिया बाहर

रविवार को गांव कारी धारणी में निर्माण मजदूरों ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया तथा श्रम मंत्री का पुतला दहन किया। मजदूरों में अपने पंजीकरण रद्द किए जाने को लेकर भारी रोष देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू ब्लॉक कोषाध्यक्ष रोशन लाल ने की।

भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला संयोजक सुमेर सिंह,ने कहा कि श्रम पोर्टल पिछले 11 महीनों से बंद पड़ा है। श्रम कल्याण बोर्ड में लगभग 7 हजार करोड़ रुपये जमा होने के बावजूद श्रम विभाग द्वारा लाखों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण बिना किसी उचित कारण के रद्द कर दिए 95 प्रतिशत मजदूरों को श्रम पोर्टल से बाहर किया गया हैं, जिससे मजदूरों को फर्जी वर्क स्लीप बताकर योजनाओं और सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। मजदूर नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार आश्वासन देने के बावजूद मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला मजदूरों के साथ अन्याय है और इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नेताओं ने बताया कि 10 मई को हिसार जाट धर्मशाला में राज्य स्तरीय संयुक्त मजदूर मोर्चा की कन्वेंशन आयोजित कि गई थी , जिसमें आंदोलन की आगामी रणनीति बनाई। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सभी रद्द किए गए पंजीकरण तुरंत बहाल किए जाएं। श्रम पोर्टल को पारदर्शी व सुचारू रूप से तुरंत चालू किया जाए। निर्माण मजदूरों के लंबित लाभ व योजनाएं जारी की जाएं। मजदूर विरोधी नीतियों को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन समस्त राज्य में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। 10 मई से 20 मई तक तक 4लॉक कमेटियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। 10 जून तक खंड स्तर पर मजदूर पंचायतें व सभी इकाइयों में पुतला दहन कार्यक्रम किए जाएंगे। 6 जुलाई से 16 जुलाई तक जिला स्तरीय संयुक्त आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों ने मजदूरों से एकजुट रहने तथा अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान किया। रोष प्रदर्शन में सुन्दर सिंह, अशोक कुमार, सोमबीर, वजीर सिंह, रविंद्र सिंह, नरेश कुमार, विनोद कुमार, राजबाला, पिंकी, सुशील, कविता सीमा, कमलेश देवी, मुन्नी देवी, शकुंतला देवी, सुमन आदि मौजूद रहे।

## चोरी मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित 4 आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने कुएं से केबल चोरी होने के मामले को सुलझाते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में चोरी करने वाले दो आरोपित और चोरी का सामान खरीदने वाले दो आरोपित शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की गई केबल भी बरामद कर ली है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 15 मई की रात को उसके बोरवेल की मोटर के पास रखी करीब 1000 फुट लंबी केबल चोरी हो गई थी। मामले में निजामपुर थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की और केबल चोरी करने के आरोप में वीरेंद्र और धर्मेंद्र निवासी मेघोत बिंजा को गिरफ्तार किया। चोरी का सामान खरीदने वाले दो आरोपित गुलाई निवासी बानसूर हाल नांगल चौधरी व हंसराज निवासी मूसनोता हाल नांगल चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित धर्मेंद्र एक हिस्ट्रीशीटर और आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ चोरी के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविर में संतुलित आहार के महत्व पर चर्चा की

**भिवानी।** पं. सीता राम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग महाविद्यालय भिवानी में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन का आयोजन प्राचार्य डॉ. विकास शर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधु की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक किया गया। प्रातःकालीन सत्र में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वयंसेवकों ने संतुलित आहार के महत्व पर चर्चा की तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। सायंकालीन सत्र में बेटी बचाओ एवं महिला सशक्तिकरण विषयों पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपने आकर्षक एवं प्रेरणादायक स्लोगनों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों का सहयोग सराहनीय रहा।

### बुशान के लोगों ने श्रुति चौधरी का जताया आभार

**तोशाम।** गांव बुशान में रविवार को खेतों में सिचाई के लिए मि-काढा विभाग भिवानी द्वारा टेंडर जारी कर 16 इंची पाइप लाइन दबाने का कार्य शुरू कर दिया गया। इस दौरान किसान शमसेर सिहं, एडवोकेट विक्रम, सत्यवान शर्मा, रीकी कालीरमण, धर्मेन्द्र सिहं, रूघबीर सिहं, बिन्टू कालीरमण आदि ने कहा कि यह हमारी बहुत पुरानी मांग थी जिस पर पूर्व राज्य सभा सांसद किरण चौधरी एंव कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने मांग पत्र पर संज्ञान लेकर खेतों में सिंचाई के लिए छः एकड़ लम्बी पाइप लाइन लगवाने का काम शुरू करवाया उसके लिए आभार प्रकट करते हैं।

### अग्निवीर भर्ती के परिणाम घोषित

**नारनौल।** सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल के. संदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्निपथ योजना के तहत जनवरी फरवरी में आयोजित की गई अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी भर्ती रैली का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह रैली भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी व भिवानी जिलों के उम्मीदवारों ने भाग लिया था। उम्मीदवार अपना रिजल्ट भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते है। कर्नल ने सफल उम्मीदवारों से अनुरोध किया है कि वे 23 मई को सुबह 5:30 बजे अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी में रिपोर्ट करें।

### अवैध खननः पत्थर से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**नारनौल।** नांगल चौधरी थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खनन किए गए आयरन पत्थर से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि नांगल चौधरी थाना पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम ने छापरा बीबीपुर गांव की पहाड़ियों में अवैध खनन कर ले जाए जा रहे आयरन पत्थर से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया।

## सेक्टर 13 और 23 में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

# पांच सालों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर सेक्टरवासी

**आवारा पशुओं बंदरों और कुत्तों का लगा रहता है जमावड़ा**

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार के अधीक्षण अभियंता पवन कुमार वर्मा के नाम सौंपा मांगा पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के दावों की पोल खोलते हुए भिवानी के सेक्टर 13 और 23 के निवासियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले 5 वर्षों से बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे दोनों सेक्टरों के निवासियों ने मांगों को लेकर एक विस्तृत मांग पत्र हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार के अधीक्षण अभियंता पवन कुमार वर्मा के नाम सौंपा।

दि रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान (आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त) रामकिशन शर्मा ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो निवासी उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। रामकिशन शर्मा ने कहा कि वे पिछले पांच साल से सिर्फ खोखले आश्वासन सुन रहे हैं। सेक्टर 13 और 23 के लोग टैक्स पूरा देते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर हमें सिर्फ नरक मिला है। पिछले पांच सालों से हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सफाई व्यवस्था ठप है, सडक़ों का नामोनिशान मिट चुका है और सीवर के ओवरफ्लो पानी ने महामारी का खतरा पैदा कर दिया है। हमने प्रशासनिक अधिकारियों की बैठकों में भी अपनी आवाज उठाई, लेकिन फाइलों के अलावा जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। अब हमारे सब्र का बांध टूट रहा है।



भिवानी। पॉश कॉलोनियों में लगे कचरे के ढेरों का दृश्य। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि सरोकार

### सड़क निर्माण में भारी लापरवाही

शर्मा ने कहा कि सेक्टर-13 व 23 दोनों सेक्टरों में जगह-जगह कचरे के पहाड़ खड़े हो गए हैं। नियमित सफाई ना होने के कारण आवारा पशुओं, बंदरों और कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे राहगीरों और बच्चों का सडक़ों पर निकलना दूभर हो गया है। निवासियों ने इसके बाकायदा फोटोग्राफिक साक्ष्य भी अधिकारियों को सौंपे हैं। सड़कों के निर्माण में भारी लापरवाही बरती गई है। सरकारी स्कूल से लेकर वृद्ध आश्रम तक का एक मुख्य हिस्सा लंबे समय से अधूरा और टूटा पड़ा है। इसके अलावा, सिटी स्टेशन से लेकर पुराने बस स्टैंड तक की सडक़ें पूरी तरह से उखड़ चुकी हैं और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। मुख्य जलघर में तुरंत तीसरे टैंक के निर्माण की जरूरत है। वर्तमान में यहाँ एक प्लांट और वाल्व खराब पड़ा है। पंप चैंबर भी काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। स्थिति यह है कि जलघर के टैंकों में पटेरा (जंगली घास), रेत और बड़े-बड़े पौधे उगे हुए हैं, जिससे पानी दूषित हो रहा है। निवासियों ने मांग की है कि पानी का बिल हर माह भेजा जाए और जलघर की सफाई की जाए।

### सीवर मशीन नहीं भेजकर करवाएं सफाई

रामकिशन शर्मा का कहना है कि सेक्टर में मकानों के नंबर अलॉट करने या उन्हें व्यवस्थित करने का मामला कई बार एचएसवीपी के संज्ञान में लाया जा चुका है। उपायुक्त की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया गया था कि नंबरों को सही तरीके से लिखवाया जाए, लेकिन इस पर अभी तक कोई जमीनी कार्रवाई नहीं हुई है। इस दौरान एसोसिशन के महासचिव सतवीर कौशिक, सलाहकार डा. फूल सिंह धनाना, जिले सिंह रंगा, सेक्टर-23 से सज्जन कुमार, कृपा राम बडाला व ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। एसोसिएशन ने साफ कर दिया है कि यदि विभाग ने इस मांग पत्र पर तुरंत संज्ञान लेकर सीवर मशीन नहीं भेजी, सडक़ों का निर्माण शुरू नहीं कराया और पानी के टैंकों की सफाई नहीं की, तो स्थानीय निवासी सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की होगी।



बहल। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

# एनसीसी कैडेट्स को दी साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी

- वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में साइबर क्राइम सेल भिवानी की विशेष टीम ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

11 हरियाणा बटालियन एनसीसी, भिवानी के कमांडिंग ऑफिसर रितेश रंजन के नेतृत्व में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन बीआरसीएम कैंपस में साइबर क्राइम सेल, भिवानी की विशेष टीम ने शिविर स्थल पर पहुंचकर एनसीसी कैडेट्स को डिजिटल सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। रविवार को आयोजित इस सत्र का उद्देश्य युवाओं को साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के प्रति जागरूक करना और डिजिटल सतर्कता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना था। साइबर क्राइम टीम में कोऑर्डिनेटर विष्णु, कांस्टेबल जितेन्द्र और स्वयंसेवक आकाश शामिल रहे। टीम ने इंटरैक्टिव तरीके से बताया कि आज के तकनीकी युग में अपराधी किस प्रकार फेक वेबसाइट्स, ई-मेल, व्हाट्सएप मैसेज, इंस्टाग्राम लिंक, फर्जी बैंक कॉल्स और ओटीपी फ्रॉड जैसे माध्यमों से लोगों को ठगते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि साइबर अपराधी पहले व्यक्ति का विश्वास जीतते हैं और फिर उसकी निजी जानकारी जैसे आधार नंबर, बैंक डिटेल्स, पासवर्ड आदि प्राप्त कर आर्थिक या सामाजिक नुकसान पहुँचाते हैं।

### अनुशासित नागरिक

कार्यक्रम के समापन पर डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल एंटोनी हेनरी सेल्वम ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र के अनुशासित नागरिक हैं। यदि वे डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहेंगे, तो निश्चित ही समाज में एक सुरक्षित और सजग डिजिटल वातावरण का निर्माण संभव होगा। दूसरे सत्र में सेकंड ऑफिसर जोगेंद्र सिंह ने बताया कि कैसे दैनिक जीवन में प्राथमिकताओं को तय कर समय का सदुपयोग किया जाए। इस अवसर पर जूनियर डिविजन के 600 से अधिक कैडेट्स और सैन्य स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन व डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल एण्टोनी हेनरी सेल्वम सूबेदार मेजर डी गोपाला कृष्णम के साथ कैंप एजुजेंट फर्स्ट ऑफिसर राजेश कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार लोकेश कुमार, सूबेदार हरिराम आदि मौजूद रहे।

# बीपी ब्लड शुगर की फ्री जांच

- आयुष विभाग ने किया योग महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा योग आयोग एवं डॉ. हरीश चन्द्र चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के निमित पंजाबी कम्युनिटी धर्मशाला में योग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने ने बताया की योग दिवस को सफल बनाने के लिए डॉ हरीश चन्द्र की पुण्य तिथि पर योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित किया गया है! साथ ही आम जन मानस के उत्तम स्वास्थ्य के लिए आयुष विभाग भिवानी द्वारा और अंचल हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमे सभी जरूरतमंदों के लिए बीपी ब्लड शुगर की फ्री जांच की गई तथा आम लोगों को फ्री दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। जिला योग कोऑर्डिनेटर एवम चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय वैद ने बताया कि आयुष विभाग के द्वारा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 12 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को सफल बनाने के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करवाया जा रहा है। हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में पंजाबी कम्युनिटी धर्मशाला में जिला स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक कविता अहलावत , मदन एवम पतंजलि योगपीठ के डॉ मदन मानव ने योग प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया। योग प्रोटोकॉल में अनुलोम विलोम, भ्रामरी सवासन इत्यादि सभी योग करवाये गए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार वैद, लेघन मठ पीठ के महंत राजनाथ सिंह, डॉ विनोद अंचल एवम विभिन्न संस्थाओं ने डॉ हरीश चन्द्र को याद किया एवम श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आयुष विभाग के डॉ वीरेंद्र पवार, संदीप चौहान , गजानंद शास्त्री, किताब सिंह आदि सभी योग सहायक अवाम अनन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# शादी की 35वीं वर्षगांठ पर लगाए 11 पौधे

- जैन दंपति ने झील पर किया पौधारोपण और 7 दिन सफाई करने का संकल्प भी लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आज के आधुनिक दौर में जहां लोग अपनी शादी की सालगिरह महंगे होटलों और पार्टियों में मनाना पसंद करते हैं, वहीं भिवानी के समाजसेवी विनोद कुमार जैन डिब्बेवाला ने अपनी शादी की 35वीं वर्षगांठ को बेहद अनोखे और अनुकरणीय तरीके से मनाया। उन्होंने इस खास दिन को फिजूलखर्ची से दूर रखकर पूरी तरह प्रकृति और स्वच्छता को समर्पित कर दिया। रविवार को विनोद कुमार जैन डिब्बेवाला अपनी धर्मपत्नी और परिवार के साथ खाकी बाबा मंदिर के नजदीक स्थित सेठ मूलचंद झील पर पहुंचे। वहां उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 11 पौधे रोपित किए। इसके साथ ही उन्होंने झील की दशा सुधारने के लिए अगले एक सप्ताह तक रोजाना वहां स्वच्छता अभियान चलाने और झील की सफाई करने का एक सराहनीय संकल्प भी लिया। विनोद कुमार जैन डिब्बेवाला ने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के इस दौर में प्रकृति को बचाना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सेठ मूलचंद झील हमारे क्षेत्र की धरोहर है।



भिवानी। शादी की सालगिरह पर पौधे रोपित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### जल स्रोत साफ रखें

सिर्फ पौधे लगाना काफी नहीं है, अपने आसपास के जल स्रोतों को साफ रखना भी हमारा कर्तव्य है। इसीलिए मैंने और मेरे परिवार ने संकल्प लिया है कि हम अगले एक सप्ताह तक रोजाना यहां आकर झील और इसके आसपास के परिसर की सफाई करेंगे। मैं शहर के अन्य नागरिकों से भी अपील करता हूं कि वे अपने जीवन के विशेष दिनों जैसे जन्मदिन या शादी की सालगिरह पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। इस अवसर पर वासु तंवर, राजू प्रधान, नंदन, संजय शास्त्री, सीटू सांवडिया, सुरेश डब्बेवाला, संजय गोयल, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# माता मंदिर के आसपास की सफाई

- गांव दुल्हेड़ी की युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति के साथ स्वयं सफाई अभियान में जुटे एडीसी दीपक बाबूलाल करवा
- मंदिर के आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में सफाई करके यहां पर 400 से 500 रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लगाकर मंदिर परिसर को हरा भरा बनाया जाएगा।

**पहाड़ी माता मंदिर को साफ सुथरा और हरा भरा बनाने की कवायद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लाखों लोगों की आस्था का प्रतीक गांव पहाड़ी स्थित माता मंदिर में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अगुवाई में गांव दुल्हेड़ी की युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति द्वारा शुक्रवार से तीन दिन का विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। अगले शुक्रवार, शनिवार और रविवार को फिर से सफाई अभियान चलाया जाएगा।

मंदिर के साथ साथ आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में सफाई करके यहां पर 400 से 500 रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लगाकर मंदिर परिसर को हरा भरा बनाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने एडीसी द्वारा पहाड़ी माता मंदिर में चलाए गए इस विशेष स्वच्छता अभियान की तारीफ की है। वहीं दूसरी और युवा समिति की अगुवाई करने वाले पवन कुमार ने बताया कि फूलदार पौधों के साथ-साथ में दूब लगाने की योजना है ताकि हरियाली बनी रहे।

### दूर दूर से आते हैं श्रद्धालु

उल्लेखनीय है कि पहाड़ी माता मंदिर में न केवल आसपास क्षेत्र से बल्कि दूर दराज क्षेत्र से लाखों लोग पूजा अर्चना के लिए आते हैं। लोगों की आस्था को देखते हुए ही एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने मंदिर परिसर को साफ सुथरा और हरा भरा बनाने की योजना बनाई। योजना के अनुसार उन्होंने गांव दुलहेड़ी की युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति को साथ लिया। एडीसी ने युवाओं के साथ मिलकर शुक्रवार से स्वयं स्वच्छता अभियान शुरू किया। उन्होंने युवाओं का हौसला बताया। एडीसी ने बताया कि मंदिर परिसर के साथ-साथ मंदिर के साथ लगते पहाड़ी क्षेत्र में भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। आसपास की झाड़ियों को काटकर वहां पर फूलदार पौधे लगाए जाएंगे ताकि मंदिर परिसर और अधिक भव्यता के साथ-साथ हरा भरा दिखाई दे।

### एडीसी ने की सफाई

उन्होंने बताया कि अगले शुक्रवार शनिवार और रविवार को फिर से सफाई अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद में पौधारोपण किया जाएगा। उनकी टीम में करीब 70 से 80 युवा निस्वार्थ भाव से स्वच्छता का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि एडीसी ने स्वयं सफाई करके उनको और अधिक स्वच्छता में योगदान करने की प्रेरणा दी है।

# अपराधी घूम रहे बेखौफः प्रदीप

- भिवानी में कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था और आसमान छूती आपराधिक घटनाओं को लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को स्थानीय रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे प्रहार किए।

उन्होंने आरोप लगाया कि सूबे की भाजपा सरकार जनता को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो चुकी है और प्रदेश में जंगलराज जैसे हालात बन गए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाले मामले का खुलासा किया। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि शनिवार रात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरेंद्र सिंह के आवास पर अज्ञात हथियारबंद बदमाश घुस गए। बदमाशों के इरादे बेहद खतरनाक थे। उन्होंने कहा कि जब राज्य में मुख्य विपक्षी दल का प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्तर का नेता ही अपने घर में सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटोः हरिभूमि

# मां के हाथों लगवाए 10 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आज के आधुनिक दौर में जहां लोग अपनी व्यस्त जीवनशैली में संस्कारों और पर्यावरण को भूलते जा रहे हैं, वही हांसी रोड स्थित गोशाला से समाज को एक बेहद खूबसूरत और प्रेरणादायक संदेश मिला है। सैनी कल्याण परिषद के उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने अपनी माता के सम्मान में एक अनूठी और अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने अपनी माता के कर-कमलों से गोशाला परिसर में 10 पौधे लगवाए और ना केवल पौधे लगाए, बल्कि उन्हें बड़ा करने व उनकी पूरी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस कार्य का उद्देश्य ना केवल पर्यावरण को शुद्ध करना है, बल्कि आने वाले भीषण गर्मी के मौसम में गौमाता के लिए ठंडी छाव और शुद्ध ऑक्सीजन की व्यवस्था करना भी है। इस मौके पर गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार व राजीव दीक्षित ने ओमप्रकाश सैनी की इस सोच की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि अपनी माँ के सम्मान को पर्यावरण और जीव सेवा से जोडक़र उन्होंने समाज के सामने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिससे प्रेरणा लेकर अन्य युवाओं को भी अपने परिवार के बुजुर्गों के साथ मिलकर ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर सेवा शक्ति फाउंडेशन के पदाधिकारी, गर्वित गोयल, आशीष मित्तल, जय बासिया, वीर यादव, आयुष बंसल, राधेश्याम ठेकेदार, ओमप्रकाश प्रधान, अनिल, अंकित शर्मा, शंकर, कुकी सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

### माता-पिता का सानिध्य ही आशीर्वाद

पौधारोपण के इस अवसर से पूर्व गोशाला परिसर में एक भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ आर्य समाज के विद्वान और वेदों के प्रकांड ज्ञाता द्वारा वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। सैनी कल्याण परिषद के उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने बताया गया कि हम सभी को अपने माता-पिता के सम्मान और उनकी खुशी के लिए जीते जी उनके साथ मिलकर कुछ न कुछ सकारात्मक कार्य करते रहना चाहिए। माता-पिता का सानिध्य ही सबसे बड़ा आशीर्वाद है।

## जेसीआई भिवानी स्टार ने लगाया शिविर, 25 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**आपका थोड़ा-सा रक्त, किसी के लिए बन सकता है नई उम्मीद**

# रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च रूप : सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा रविवार को चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आपका थोड़ा-सा रक्त, किसी के लिए नई उम्मीद बन सकता है, के प्रेरक संदेश के साथ शुरू हुए इस शिविर में भिवानी के युवाओं और आमजन में रक्तदान को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र बडख़ालसा, पूर्व मंत्री एवं भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ तथा भिवानी के सीएमओ डा. रघुबीर शांडिल्य ने शिरकत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान 25 ने रक्तदान किया।




भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### जेसीआई को सराहा

इस मौके पर मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र बडख़ालसा, विधायक घनश्याम सर्राफ व सीएमओ डा. रघुबीर शांडिल्य , डॉ यतिन गुप्ता ने जेसीआई भिवानी स्टार के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च रूप है। जेसीआई जैसी संस्थाएं जब आगे बढकर ऐसे शिविर लगाती है तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। युवाओं का रक्तदान में हिस्सा लेना यह दर्शाता है कि हमारी युवा पीढ़ी अपने कर्तव्यों को बखूबी समझती है।

### हर नागरिक हीरो

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीआई जोन-10 के जोन प्रेसिडेंट जेसी अमित गौर और रीजन-बी (जोन-10) के जोन वाइस प्रेसिडेंट जेएफडी राहुल गर्ग व जेडी सविता मित्तल ने कहा कि हीरो हमेशा केप नहीं पहनते, कभी-कभी वे सिर्फ रक्तदान करते हैं। आज यहां खून दान करने वाला हर एक नागरिक किसी न किसी के जीवन के लिए हीरो बनकर उभरा है। जेसीआई भिवानी स्टार के अध्यक्ष जेएफएम संदीप अग्रवाल संयुक्त रूप से कहा कि संस्था का उद्देश्य हमेशा समाज को सशक्त और मददगार बनाना रहा है।

## खबर संक्षेप

### सफल उम्मीदवार 23 मई को कार्यालय चरखी दादरी में करे रिपोर्ट

**भिवानी।** अग्निवीर रैली जनवरी-फरवरी 2026 की परीक्षा पास करने वाले सभी उम्मीदवार 23 मई को अपने मूल दस्तावेजों सहित सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी में सुबह 5:30 बजे रिपोर्ट करें। यह जानकारी देते हुए सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया कि अग्निवीर क्लर्क / एस के टी भर्ती 2025-26 के परिणाम घोषित हो चुकी है। अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर रैली जो जनवरी- फरवरी 2026 में भिवानी के भीम स्टेडियम में हुई थी जिसमे चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और भिवानी जिलो के उम्मीदवारो ने भाग लिए उसका परिणाम घोषित कर दिए गए है।

उम्मीदवार अपना परिणाम पर देख सकते है। उन्होंने बताया कि सभी सफल उम्मीदवार से अनुरोध है की वे 23 मई 2026 को सुबह 5.30 बजे सभी मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी में रिपोर्ट करें। निदेशक सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी ने परीक्षा पास करने वाले सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दी है।

### एनएचआई अधिकारी बोले- एक सप्ताह के भीतर करवाया जाएगा समाधान

# बड़सी मजरा के गांवों ने टोल वसूलने को लेकर प्लाजा पर खूब काटा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** बवानीखेड़ा टोल पर बैठे ग्रामीण तथा टोल कार्यालय के बाहर उपस्थित ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

पिछले कई दिनों से बवानीखेड़ा आसपास के इलाकों के लोगों से वसूला जा रहे टोल को लेकर सुलग रही आग रविवार को धंधक उठी। बड़सी मजरा के अंतर्गत आने वाले करीब 14-15 गांवों के लोग टोल पर पहुंच गए। टोल वसूलने को लेकर टोल प्लाजा पर कार्य कर रहे कारिंदों व ग्रामीणों के बीच कई देर तक तू तड़ाक हुई। बुजुर्ग टोल प्लाजा के कार्यालय के बाहर बैठ गए।

इस दौरान ग्रामीणों ने बड़सी मजरा के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों द्वारा टोल न देने का ऐलान कर दिया। इसी दौरान मौके पर एनएचआई के अधिकारी भी पहुंच गए। ग्रामीणों ने उनके समक्ष भी टोल फ्री करने की मांग उठाई। साथ ही आसपास के टोल पर नजदीकी गांवों के टोल फ्री करने के बारे में भी बताया। करीब एक घंटे तक ग्रामीणों व टोल अधिकारियों के बीच तू तड़ाक रही।

बाद में एनएचआई के अधिकारी की तरफ से टोल फ्री मामले में आला अधिकारियों से बातचीत करके एक सप्ताह के भीतर जवाब देने की कही। अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक आला अधिकारियों की तरफ से कोई जवाब नहीं आ जाता तब तक बड़सी मजरा के गांवों के लोगों से टोल न वसूला जाए। उसके बाद भी उनसे टोल न लिया जाए। अगर लिया जाता है तो वे आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगे।

इस मौके पर कुलदीप नम्बरदार ने बताया कि मययड़, कितलाना, मनवरवास व अन्य जगहों पर टोल पर आसपास के करीब 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों का टोल नहीं लिया जा रहा है,लेकिन बवानीखेड़ा में नजदीकी गांवों के वाहनों को भी नहीं छोड़ा गया है। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों से जल्द ही टोल फ्री का आदेश जारी करवाए जाने की मांग की। इस अवसर पर मास्टर रामस्वरूप, सरपंच भीम सिंह, अमित नम्बरदार, प्रदीप चाहर, सरपंच सतीश, नरेश, जयबीर, विनोद, बिल्लू, अशोक, प्रदीप, रतन, अमित ओला के अलावा अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

#### बड़सी मजरा में है ये शामिल

बड़सी मजरा में मिलकपुर, सिंकदरपुर, ढाणी कुशाल, ढाणी केशला, दुर्जनपुर, बड़सी प्रथम, बड़सी द्वितीय,खेड़ी, औरंगनगर,अलखपुरा,खेड़ी दौलतपुर,सिवाना,कूंगड़, कूंगड़ भैणी,पपोसा, हाजमपुर शामिल है। ये सभी गांव 15 किलोमीटर के दायरे में है। इन सभी गांवों का टोल फ्री करवाया जाना शामिल है।



**भिवानी।** पानी संचय के लिए तैयार किया गया जलघर का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# जल संचय के नए स्रोत तैयार करने में भिवानी रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बारिश के साथ-साथ पानी की एक-एक बूंद का संचय करने के लिए डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जल संचय जन भागीदारी अभियान के द्वितीय चरण में जिला भिवानी प्रदेश भर में अव्वल स्थान पर पहुंच गया है। जिले में उल्लेखनीय कार्य करने पर सरकार द्वारा डीसी साहिल गुप्ता के साथ-साथ इस अभियान में जुड़े सभी संबंधित विभागों की प्रशंसा की है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा जल संचय को लेकर जल संचय जन भागीदारी अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, शॉक्पिट, ट्रेनचीज, टैंक और पॉन्ड आदि बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग, सॉइल कंजर्वेशन और बागवानी विभाग शामिल हैं।

सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने इस अभियान की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश भर के उपायुक्तों से मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी ली। एसीएस अनुराग अग्रवाल को एडीसी दीपक बाबू लाल ने बताया कि जिले में पिछले एक साल में जल संचय के विभिन्न गांवों/ खेतों में 1800 से ज्यादा नए स्रोत तैयार कर दिए गए हैं। समीक्षा के दौरान पाया कि जिला भिवानी प्रदेश में जन संचय जन भागीदारी द्वितीय अभियान में अव्वल स्थान पर है। वहीं डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अनुराग गोयल इस अभियान के नोडल अधिकारी हैं। जन संचय के नए स्रोत बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं ताकि बारिश के पानी का संचय किया जा सके। बारिश के पानी का संचय करने से आसपास क्षेत्र में जमीन के पानी का लेवल भी सुधरेगा।

# बवानीखेड़ा में बढ़ती गर्मी से जनजीवन प्रभावित, तापमान 44 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

- दोपहर के समय खेतों और बाजारों में लोगों की आवाजाही काफी कम रही

बवानीखेड़ा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और रविवार को अधिकतम तापमान करीब 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिला।

लोग केवल जरूरी कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। दोपहर होते-होते लू के थपेड़ों ने हालात और कठिन बना दिए। गर्मी का असर सबसे अधिक बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों पर देखा जा रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान भी सुबह और शाम के समय ही कार्य करने को मजबूर हैं। दोपहर के समय खेतों और बाजारों में लोगों की आवाजाही काफी कम रही। बढ़ते तापमान के कारण बिजली की मांग में भी भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिनभर कूलर और एसी चलने से बिजली पर दबाव बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या भी गहराने लगी है। कई गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की शिकायतें मिल रही हैं।

#### 12 से 4 के बीच न निकलें घर से बाहर

स्थानीय चिकित्सकों में डॉ. बूटा राम धमीजा, डॉ. अनीता अरोड़ा, डॉ. बिशंबर चानना, डॉ.सुनील टुटेजा आदि ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार गर्मी और लू से बचाव के लिए अधिक मात्रा में पानी पीना, हल्का भोजन करना और सिर को ढककर बाहर निकलना जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजारों में ठंडे पेय पदार्थ, शिकंजी, गन्ने के रस और तरबूज जैसी चीजों की मांग बढ़ गई है। वहीं आइसक्रीम और ठंडे पानी की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

### हेरोइन लेकर आ रहे चार आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** जिला पुलिस को जिले में मादक पदार्थ रखने एवं तस्करी में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने दूसरे जिले से मादक पदार्थ लेकर आ रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप निरीक्षक सुभाष चंद अपनी टीम के साथ गश्त एवं पड़ताल ड्यूटी पर मुंढाल मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक कार में चार व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर भिवानी की तरफ आ रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा मुंढाल चौकी के सामने नाकाबंदी की गई। सूचना के आधार पर एक कार को रुकवाया गया।

# मांगों को लेकर आर-पार के मूड में बिजली निगम कर्मचारी, ऑनलाइन मीटिंग में बनी रणनीति

## 20 मई को बिजली मंत्री के आवास पर महाप्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग तेज, सकसं चलाएगा राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान : देवेन्द्र हुड्डा

आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर पिछले एक महीने से ज्यादा बिजली मंत्री के आवास पर 20 मई की तैयारी व प्रदर्शन को लेकर समीक्षा की गई। अपनी मांगों को लागू करवाने को लेकर कर्मचारियों में भारी उत्साह है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने व अन्य मांगों को लागू करवाने को लेकर आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी की आनलाइन मीटिंग राज्य प्रधान सुरेश राठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा बिजली मंत्री आवास पर प्रदर्शन की समीक्षा। मीटिंग का संचालन महासचिव राजेंद्र राणा ने किया। राज्य चैयरमेन देवेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यूनियन की आंदोलन के दबाव में निगम मैनेजमेंट से 15 मई को हुई मीटिंग में चारों निगमों की मैनेजमेंट शामिल हुई व यूनियन की तरफ से वार्ता कमेटी शामिल हुए। जिसमें यूनियन ने कर्मचारियों के मुद्दों को अच्छे तरीके से मैनेजमेंट के सामने रखा। जिसमें कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, जोखिम भत्ता लागू करवाने, मृतक के आश्रितों को नौकरी की शर्त हटाने व शैक्षणिक शर्त हटाने, आन लाइन तबादला नीति पर रोक लगाने, हजारों खाली पदों पर स्थाई भर्ती,कोमन कैडर परमोशन, यूटिलिटी तबादला करवाने व अन्य मांगों को प्रमुखता से रखा। युनियन के सुझावों को मैनेजमेंट ने स्वीकार भी किया। यूनियन ने मैनेजमेंट को जोर देकर कहा कि जब तक बिजली कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं होगा आंदोलन जारी रहेगा। बिजली का कच्चे व पक्के कर्मचारी बिजली मंत्री आवास पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार जबतक कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता, तब तक संघ का आन्दोलन जारी रहेगा

#### इन्होंने रखे विचार

मीटिंग में शब्बीर अहमद, सुदामपाल मान, सरोज दहिया, लोकेश कुमार, संदीप सहारण, जितेन्द्र तेवतिया, सतीश जांगड़ा, अमरजीत जाखड़, राजेश शर्मा, कृष्ण कुमार, नवीन यादव, सतीश मान, विकास बनवाला, विकास वर्मा, बलदेव सिंह, रामपाल मलिक, स्वराज सिंह, मंजीन्द्र सीढा, धर्मराज कूंडू, अमरीश त्यागी, धर्मबीर सिंह भाटी, अशोक गोयत, राजेश सांगवान, संजीव ढांडा, भूपेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे व विचार रखे।

# स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी हर्ष कुमारी का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

- सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर अभिनदंन करते हुए उनकी मेहनत के लिए बधाई दी

महिला लेक्रोस टीम सदस्य नांधा गांव की खिलाड़ी हर्ष का आज क्षेत्र में पहुंचने पर मुख्य क्रांतिकारी चौक से लेकर नांधा विद्यालय तक भव्य स्वागत किया गया। मेट्रिक कक्षा की छात्रा हर्ष कुमारी ने हरियाणा महिला लैक्रोस टीम में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर अभिनदंन करते हुए उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। मुख्य क्रांतिकारी चौक पर आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नंबरदार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष राजबीर सिंह हंसावास ने कहा कि 100 से 12 मई तक हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर स्थित एमएल एसएम कॉलेज में आयोजित तीसरी फेडरेशन कप नेशनल लैक्रोस चैंपियनशिप में हरियाणा महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।



**भिवानी।** दुकानदार से मारपीट के आरोपी पुलिस हिरासत में। फोटो : हरिभूमि

# दुकानदार से मारपीट के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस की स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवीन ने थाना सिवानी पुलिस में एक शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने ऑटो मार्केट में बाइक रिपेयर की दुकान कर रखी है। आरोपी विकास अपने अन्य साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया और दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट की। जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शिकायत पर थाना सिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। स्पेशल स्टाफ ईशरवाल के सहायक उप निरीक्षक कश्मीर सिंह की टीम ने मामले में शामिल चार आरोपियों को बहल रोड, ईशरवाल क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### मनुष्य को समय-समय पर अपने आचरण और कर्मों का करना चाहिए निरीक्षण

# आत्म सुधार, सेवा और समर्पण भाव से सफल होती है भक्ति : कंवर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब।

राधा स्वामी दिनोद के परमसंत संत कंवर महाराज ने कहा कि सत्संग का वास्तविक उद्देश्य केवल शरीर की आवश्यकताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मा की उन्नति और जीवन के सुधार से जुड़ा है। आज दिनोद आश्रम में संगत को प्रवचन कर रहे थे कंवर महाराज ने कहा कि संसार में सभी जीव अपने शरीर के पालन-पोषण के लिए प्रयास करते हैं, परंतु मनुष्य का जीवन तभी सफल माना जाता है जब वह आत्मिक विकास, प्रभु स्मरण और अपने कर्मों के सुधार की ओर ध्यान दे। मनुष्य को समय-समय पर अपने आचरण और कर्मों का निरीक्षण करना चाहिए कि उसके जीवन में सत्संग का कितना प्रभाव आया, उसके विचार कितने पवित्र हुए और उसके स्वभाव में कितना परिवर्तन आया। सच्चा सत्संगी वही है जिसके भीतर दया, प्रेम, सेवा, परोपकार और विनम्रता के गुण हों। उसे माता-पिता, बुजुर्गों, गरीबों और दुखियों की सेवा करने वाला होना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति के भीतर प्रेम, सहनशीलता और सेवा का भाव नहीं है तो केवल सत्संग में बैठने से वह सत्संगी नहीं कहलाता। सत्संग का अर्थ श्रेष्ठता है और श्रेष्ठ वही है जो दुर्गुणों से दूर होकर सद्गुणों से भर जाए। मनुष्य के व्यवहार से ही उसकी भक्ति और संस्कार प्रकट होते हैं।

सत्संग का उद्देश्य मनुष्य के भीतर परिवर्तन लाना है। केवल कथा सुनना, नाम लेना या बाहरी दिखावा करना भक्ति नहीं है। सच्ची भक्ति वह है जिसमें मनुष्य अपने दोषों को पहचानकर उन्हें छोड़ने का प्रयास करे। गुरु का कार्य मार्ग दिखाना, समझाना और जीवन सुधारने की प्रेरणा देना है। यदि मनुष्य गुरु के वचनों को मानेगा तो उसका जीवन बदलेगा, अन्यथा वह अपने कर्मों का स्वयं जिम्मेदार होगा। आज अनेक लोग नाम तो लेते हैं, परंतु अपने दुर्गुण नहीं छोड़ते, इसलिए समाज में सत्संग और भक्ति की बदनामी होती है। सच्चा भक्त मान-सम्मान, प्रतिष्ठा और स्वार्थ नहीं चाहता, बल्कि सेवा और समर्पण को महत्व देता है। जो व्यक्ति सेवा करना नहीं जानता, वह भक्ति के वास्तविक अर्थ को कभी नहीं समझ सकता। भक्त हर समय प्रभु और गुरु को अपने जीवन में अनुभव करते हैं। उनके मन में संसार से अधिक भक्ति का स्थान होता है। संसार का लोभ, लालच और भय मनुष्य को भक्ति मार्ग से हटाने का प्रयास करते हैं। कठिन परिस्थितियाँ जीवन में आती रहती हैं, परंतु सच्चा भक्त अपने विश्वास को नहीं छोड़ता। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि सुख-दुख, लाभ-हानि और जीवन-मरण सब कर्मों के अधीन हैं। गलत रास्ते अपनाकर धन कमाना, दूसरों का अधिकार छीनना, छल-कपट करना या पाप कर्म करना अंततः दुख और विनाश का कारण बनता है। ईमानदारी, परिश्रम और सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कम साधनों में भी शांत और सुखी जीवन जी सकता है।

#### सत्संग सुनना पर्याप्त नहीं

भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ या कुछ समय ध्यान करने तक सीमित नहीं है। सच्ची भक्ति मन की पवित्रता, सतगुरु के वचनों का पालन और हर समय प्रभु स्मरण में रहने का नाम है। जब मनुष्य अपने व्यवहार को मधुर बनाता है, सबके साथ प्रेम से पेश आता है और अपने गुणों से दूसरों को प्रभावित करता है, तभी उसके जीवन का प्रभाव समाज पर पड़ता है। अच्छे कर्म करने वाले को सम्मान, प्रेम और आदर मिलता है, जबकि बुरे कर्म करने वाला बदनामी पाता है। इसलिए सत्संग में आकर केवल सुनना पर्याप्त नहीं, बल्कि जीवन में परिवर्तन लाना आवश्यक है। सतगुरु की कृपा उसी पर होती है जो उनके हुक्म में चलता है और अपने जीवन को सच्चाई, सेवा और प्रेम के मार्ग पर लगा देता है। यही वास्तविक ध्यान, यही सच्ची भक्ति और यही सत्संग का सार है।

### ई-शपथ लेकर नशा मुक्ति अभियान को दिया जाएगा बल

- सरकार ने आमजन से की भागीदारी करने की अपील

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ई-प्लेज (यानि ई-शपथ) में अधिक से अधिक नागरिक जुड़े। इससे नशा मुक्ति अभियान को बल मिलेगा। इस अभियान में विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं एवं शैक्षणिक संस्थानों पर फोकस किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय नशा मांग न्यूनीकरण कार्ययोजना के तहत नशा मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ई-प्लेज प्लेटफॉर्म नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, अधिकारियों एवं आमजन को नशे के खिलाफ ऑनलाइन शपथ लेने का अवसर प्रदान करता है। इससे न केवल अभियान में जनभागीदारी बढ़ेगी, बल्कि प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से जिला स्तर पर जागरूकता गतिविधियों की निगरानी और उनके प्रभाव का मूल्यांकन करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे इस -शपथ लिंक से अधिक से अधिक जुड़े।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926